Prof. Amita Sharma
Principal

UNIVERSITY RAJASTHAN COLLEGE, JAIPUR

University of Rajasthan, Jaipur-302004
(College with Potential for Excellence)
Phone: 91-141-2710565; **Fax:** 91-141-2703655;

No. URCJ/2015/ दिनांक : *21-12-2015*

प्रेस विज्ञप्ति

राजस्थान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

जयपुर, 21 दिसम्बर, 2015, राजस्थान महाविद्यालय, जयपुर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति श्री जे.पी. सिंघल ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) राजस्थान के युवा अधिकारी श्री एस.पी. भटनागर तथा विशिष्ठ अतिथि श्री कोमल सिंह चौधरी, सहायक युवा अधिकारी एवं प्रो. एस.सी. बरडिया, समन्वयक, एन.एस.एस. थे। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अमिता शर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

कुलपति श्री जे.पी. सिंघल ने कहा कि ''राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एन.एस.एस. के स्वयंसेवक समाज का आधार बनेंगे।'' मुख्य अतिथि श्री एस.पी. भटनागर ने कहा कि ''एन.एस.एस. से प्रतिभाओं के राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निखरने का अवसर मिलता है।'' विशिष्ट अतिथि प्रो. एस.सी. बरड़िया ने कहा कि ''एन.एस.एस. जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक का निर्माण करता है। एन.एस.एस. का कार्य पूरे वर्ष चलता है।'' विशिष्ट अतिथि श्री कोमल सिंह ने कहा कि ''राजस्थान के एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने देश में महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। ये एन.एस.एस. के स्वयंसेवक समाज निर्माण की नींव है।'' उप–प्राचार्य एवं एन.एस.एस. संयोजक डॉ. आर.एन. शर्मा ने शिविर के सात दिनों के सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। समारोह में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित महाविद्यालय के छात्र श्री राम निरंजन शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सम्बन्ध में प्रस्तुति दी। उप–प्राचार्य डॉ. ओ.पी. वर्मा ने समस्त आगन्तुक अतिथियों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के समापन से पूर्व महाविद्यालय में कुलपति श्री जे.पी. सिंघल ने वृक्षारोपण भी किया।

संचालन डॉ. महेश कुमार दायमा एव विशाल विक्रम सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. शीला राय, डॉ. राका सिंह एवं सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य शिक्षक डॉ. जयंत सिंह, डॉ. अतर सिंह, डॉ. आई.यू. खान, डॉ. संजू चौधरी, डॉ. एस.एम. अग्रवाल, डॉ. विश्वा चौधरी, डॉ. कर्मवीर सिंह, श्री राधाकृष्ण बरोड़, श्री शंकर लाल मीणा, डॉ. मुकेश कुमार वर्मा, श्री सुन्दरम शाण्डिल्य, श्री मोहित आदि सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित हुए। महाविद्यालय का सभागार विद्यार्थियों से खचाखच भरा रहा।

प्राचार्या

सादर प्रकाशनार्थ

राष्ट्रीय सेवा योजना
विश्वविद्यालय राजस्थान महाविद्यालय
जयपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना